आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मो. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

जालंधर, वीरवार 16 जनवरी 2025
वंदे भारत 24
भारत के मन की बात



@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# जालंधर पुलिस और लॉरेंस गैंग के गुर्गों के बीच मुठभेड़, 2 को लगी गोली





**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जालंधर से इस वक्त की सबसे बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो रही है। सीआईए स्टाफ और बदमाशों के बीच गोलीबारी हो रही है। फिलहाल सिटी पुलिस की टीमें वारदात स्थल पर घूम रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने बदमाशों को रोकने की कोशिश की, लेकिन बदमाशों ने पुलिस पर गोली चला दी। जिसके बाद जब सीआईए स्टाफ सिटी टीम ने जवाबी फायरिंग की। इस दौरान दोनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी और व घायल हो गए। फिलहाल दोनों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार लंबा पिंड में डबल मर्डर मामले में आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद आज दोनों आरोपी को हथियार बरामद करने के लिए घटना स्थल पर लाया गया था। लेकिन इस दौरान आरोपी ने घटना स्थल से हथियार निकालकर पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा है।

## आरोपी गोल्डी बराड़ के संपर्क में थे

इस दौरान एक आरोपी के पैर में गोली लगी और व घायल हो गया। फिलहाल दोनों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा है। जानकारी देते हुए पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा ने कहा कि 2 आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ में काबू किया है।

आरोपी गोल्डी बराड़ के संपर्क में थे। उनकी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपियों करने के लिए 4 किलोमीटर तक पीछा किया।

## एक कपूरथला दूसरा जंडियाला का रहने वाला

आरोपियों में से एक कपूरथला का रहने वाला है और दूसरा जंडियाला का रहने वाला है। आरोपियों पर 6 से अधिक पर्चे मर्डर सहित अन्य मामलों में दर्ज है। आरोपियों का गोल्डी बराड़ के साथ सीधा संपर्क होने के चलते फिरौतियों की मांग करते थे। एक आरोपी 10 महीने पहले जेल से बाहर आया है और दूसरा 6 महीने पहले जेल से बाहर आया है।

## आरोपियों के कब्जे से 4 वैपन बरामद

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी दूसरी जगह पर जा रहे थे। जिसके बाद आरोपियों को काबू करने के लिए पुलिस ने पीछा किया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिसके बाद पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। इस मुठभेड़ में एक आरोपी घायल हुआ है ।

आरोपियों के कब्जे से 4 वैपन बरामद किए है। आरोपियों की तरफ़ से 5 से 6 फायर किए जबकि पुलिसने 7 से 8 फायर किए गए।

# मकसूदां मंडी में आढ़ती पर हमले की फुटेज आई सामने, नौजवानों ने की जमकर तोड़फोड़

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जालंधर की मकसूदां मंडी में वैष्णो फ्रूट ट्रेडर के मालिक पर कुछ नौजवानों ने मारपीट की, जिसकी फुटेज सामने आई है। दुकान नंबर 65 के मालिक पीड़ित रछपाल सिंह ने करण अरोड़ा पर हमले के आरोप लगाए थे।



सीसीटीवी फुटेज में दुकान के बाहर बैठे रछपाल के पास 2 नौजवान आते है और हाथापाई करने लगते हैं। लोग बीच बचाव करते हैं। कुछ और युवक घटना स्थल पर आ गए। दोनों के बीच कुछ मिनट तक विवाद होता है। इस दौरान नौजवानों ने उन्हें पीटना शुरू कर दिया और कुर्सियां सहित अन्य सामान तोड़ दिया।थाना 1 की पुलिस मामले की जांच कर रही है। आढ़ती रछपाल सिंह ने बाबू लाभ सिंह नगर के रहने वाले करण अरोड़ा पर साथियों के साथ मिलकर गुंडागर्दी करने और तोड़फोड़ करने के आरोप लगाए है। पीड़ित का कहना है कि 3 दिसबंर को उसकी दुकान पर करण ने 125 नौजवानों के साथ आकर कब्जा कर लिया था। जिसकी शिकायत पुलिस को थाने में दे दी थी। जिसकी एफआईआर भी दर्ज हो चुकी है। पीड़ित ने आरोप लगाए हैं कि इतने दिन बाद भी पुलिस ने करण सहित अन्य नौजवानों को काबू नहीं किया। उनका कहना है कि लगातार करण की ओर से धमकियां मिल रही थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# जालंधर में 30 सेकेंड में लूट लिया पेट्रोल पंपः बाइक पर आए तीन नकाबपोश, कर्मी से कैश छीना, चलाई गोलियां

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** पंजाब के जालंधर में पेट्रोल पंप में लूट की वारदात हुई है। बदमाशों ने 30 सेंकेड में वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए। जालंधर-जम्मू नेशनल हाईवे पर नकाबपोश लुटेरों ने पेट्रोल पंप कर्मचारियों पर फायरिंग कर दी। इसके बाद लुटेरे एक कर्मी से नगदी लेकर फरार हो गए। घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि एक बाइक सवार होकर तीन लुटेरे पेट्रोल पंप पर आते हैं। इस दौरान बाइक से 2 लुटेरे उतरते है और कर्मी को पिस्तौल दिखाते हुए उससे पूरा कैश लेकर वहां से जाती बार हवाई फायर करते हुए फरार हो जाते हैं। इस दौरान पंप पर कर्मियों में दहशत का माहौल बना हुआ है।



पेट्रोल पंप कर्मियों ने घटना की सूचना पंप के मालिक को दी। घटना की सूचना एचपी पेट्रोल पंप के मालिक पुष्पिंदर ने थाना आदमपुर की पुलिस को शिकायत दी है। पुष्पिंदर सिंह ने बताया कि मंगलवार देर रात बाइक पर सवार होकर 3 लुटेरे आए और कर्मचारियों से 35 हजार की नगदी लेकर फरार हो गए। उक्त आरोपियों ने चेहरे कपड़े से ढके हुए थे। लुटेरों ने 3 से 4 फायर किए हैं। पंप मालिक के अनुसार लुटेरों ने दानिश कर्मी से पैसे छीने और फायरिंग की। उसके बाद लुटेरों ने डीजल डालने वाले के पास जाकर एक फायर किया जोकि फायर छत की कनोपी पर लगा है।

इसके बाद लुटेरे उक्त कर्मी से पैसे और बैग लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना अलावलपर चौकी को दी। लेकिन जब तक पुलिस पहुंची तब तक हमलावार फरार हो चुके थे। पीड़ित ने पंप के पास गश्त बढ़ाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लुटेरों के बाइक पर नंबर प्लेट नहीं लगी हुई थी।


घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ले ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने देर रात भी नाकाबंदी करके आरोपियों को काबू करने की कोशिश की, लेकिन आरोपी फरार हो चुके थे। वहीं बुधवार सुबह से पुलिस की तरफ से आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR
HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525



आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा
हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

# मुझे बलि का बकरा बनाया: बर्खास्त DSP गुरशेर सिंह पहुंचा हाईकोर्ट, सरकार को नोटिस, लॉरेंस से जुड़ा मामला




**जालंधर( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब पुलिस के पूर्व डीएसपी गुरशेर सिंह संधू ने सरकार की तरफ से अपनी बर्खास्तगी के फैसले को पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी है। गुरशेर सिंह संधू ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हुए कहा है कि उसे बलि का बकरा बनाया गया है। हाईकोर्ट ने याचिका पर पंजाब सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। हालांकि, हाईकोर्ट ने बर्खास्तगी आदेश पर फिलहाल रोक लगाने से इन्कार कर दिया है। पूर्व डीएसपी गुरशेर सिंह के खिलाफ यह नौकरी से निकाले जाने की कार्रवाई लॉरेंस बिश्नोई के जेल से हुए इंटरव्यू के मामले में की गई है। हाईकोर्ट के आदेशों के बाद विभाग ने इसी साल दो जनवरी को गुरशेर सिंह को टर्मिनेट कर दिया था। कोर्ट ने मामले में उच्च अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई के आदेश दिए थे।

**चार्जशीट के सभी दस्तावेज नहीं दिए :** याचिका दाखिल करते हुए गुरशेर सिंह संधू ने आरोप लगाया है कि उन्हें इस मामले में बलि का बकरा बनाया गया है। नियमों का उल्लंघन करते हुए उन्हें बर्खास्त कर दिया गया और उनका पक्ष तक नहीं सुना गया। संधू का यह भी कहना है कि उन्हें चार्जशीट के सभी दस्तावेज नहीं दिए गए, जिससे उनके बचाव का मौका छिन गया। उन्होंने कहा कि जब तक मुझे यह नहीं बताया जाएगा कि चार्जशीट में क्या आरोप हैं, तब तक मैं अपना बचाव कैसे करूंगा।

### बर्खास्तगी के आदेशों को रद्द करने की मांग

संधू ने यह भी तर्क दिया कि हाईकोर्ट ने हाल ही में इस मामले की जांच के लिए रिटायर्ड हाईकोर्ट जज की अध्यक्षता में एक जांच आयोग गठित किया है। आयोग ने अभी जांच शुरू भी नहीं की और न ही कोई रिपोर्ट पेश की है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें जल्दबाजी में बर्खास्त कर दिया गया। संधू ने अपनी याचिका में इस बात का भी जिक्र किया कि लॉरेंस बिश्नोई (एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स) की हिरासत में था। संधू ने हाईकोर्ट से मांग की है कि उनकी बर्खास्तगी के आदेशों को रद्द किया जाए और जब तक यह याचिका अदालत में विचाराधीन है, तब तक बर्खास्तगी के आदेश पर रोक लगाई जाए।




## चित्रांगदा सिंह ने शूटिंग सेट पर पहुंचे खास मेहमान की दिखाई झलक

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह ने सोशल मीडिया पर एक मजेदार पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने लंच के समय सेट पर आए एक खास मेहमान की झलक दिखाई। वीडियो में एक बंदर सेट पर केला खाते हुए दिखाई दिया। सोशल मीडिया पर सक्रिय अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें एक बंदर सेट पर केला खाते हुए दिखाई दे रहा है। वीडियो को साझा करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, सेट पर लंच के लिए आया मेहमान। वीडियो में अभिनेत्री धीमी आवाज में कहती नजर आईं, उसने केला लिया है, उसका मुंह पहले से ही भरा हुआ है, देखो वह केला खा रहा है ओ गॉड। इसके साथ ही वह हंसती भी सुनाई दीं। चित्रांगदा सिंह के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री की हालिया रिलीज 'खेल खेल में' थी। चित्रांगदा के पास 'हाउसफुल 5' है, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। फिल्म में वह अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगी। हाउसफुल 5 का निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है। फिल्म में चित्रांगदा और अक्षय कुमार के साथ अभिनेता फरदीन खान, पूजा हेगड़े, रितेश देशमुख, श्रेयस तलपड़े, अभिषेक बच्चन के साथ जैकलीन फर्नांडिज, नरगिस फाखरी, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, और सौंदर्या शर्मा भी अहम भूमिका में हैं।



# उत्तर भारत में कोहरा बना काल! कई वाहन आपस में टकराए, 17 लोग घायल... यमुना एक्सप्रेसवे पर 100 बकरों की मौत




**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** घने कोहरे के चलते मंगलवार रात और बुधवार सुबह कई जगह हादसे हुए। अलीगढ़, मेरठ, हरदोई और नोएडा में कई जगह वाहन आपस में भिड़ गए। इन हादसों में 17 लोग घायल हो गए जबकि 100 बकरों की मृत्यु हो गई।

अलीगढ़ में हादसा बुधवार सुबह करीब चार बजे यमुना एक्सप्रेसवे पर हुआ। कोहरे के चलते दृश्यता बहुत कम थी। आगरा से दिल्ली की तरफ जा रहे सब्जी से लदे कैंटर के चालक ने टप्पल क्षेत्र में प्वाइंट 49 के पास ब्रेक लगाए। तभी पीछे से सब्जी से लदा कैंटर उसमें जा घुसा।

**पिकअप, कार व कैंटर टकराए**

इसके पीछे मैक्स पिकअप, कार व बकरों से लदा कैंटर टकराते चले गए। हादसे में कैंटर मालिक कानपुर देहात के अजनौन क्षेत्र के गांव रैनापुर के सिद्दीक खां, चालक गोंडा के थाना तरबगंज क्षेत्र के गांव गुहानी के 19 वर्षीय अंकुर बैरागी के अलावा गाजीपुर के शाहदत क्षेत्र के गांव कौड़ा के मनीराम व कानपुर के इरफान गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

कैंटर में सवार मोहसिन के अनुसार, वह आगरा के सिकंदरा से बकरे खरीदकर दिल्ली जा रहे थे। कैंटर में 240 बकरे थे। इनमें 100 की मृत्यु हो गई। सीओ खैर वरुण कुमार सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर नहीं मिली है।

**महामाया फ्लाईओवर पर दो बसें टकराईं, चालक समेत तीन घायल**

पुलिस ने बताया कि नोएडा-ग्रेटर-नोएडा एक्सप्रेसवे पर ग्वालियर और गोरखपुर से दो बसें दिल्ली जा रही थीं। घने कोहरे में दृश्यता बेहद कम थी। इसी बीच दोनों वोल्वो बस आपस में टकरा गईं। एक बस के चालक समेत तीन लोगों को मामूली चोटें आई। घायल मिथलेश ने कहा कि एक बस का चालक नशे में था। उसने अचानक से ब्रेक लगा दिए। पुलिस का कहना है कि हादसे में किसी पक्ष ने लिखित शिकायत नहीं दी है

### निर्माणाधीन ओवर ब्रिज पर चढ़े वाहन, कार पलटने से परिवार घायल

हरदोई-लखनऊ हाईवे पर बालामऊ के पास तीन किलोमीटर लंबे पुल का निर्माण चल रहा है। पुल से पहले कोई संकेतक लगाया गया न बैरीकेडिंग है। कई वाहन चालक इस पुल पर चढ़ गए, लेकिन बीच में पुल बंद होने से कुछ वाहन लौटने लगे, उसी दौरान कुछ वाहन पुल पर चढ़ रहे थे।

घना कोहरा होने के कारण वाहन आपस में टकरा गए। डिवाइडर से कार टकराने से बाराबंकी के थाना नवाबगंज के सत्य प्रेमीनगर के अमित शर्मा, कंचना वर्मा, अंशिका और देवांश घायल हो गए। निर्माण कंपनी के नोडल अधिकारी का कहना है कि पुल के कारण नहीं घने कोहरे में हादसा हुआ है।

### घने कोहरे की मार हादसों में कई लोग घायल

मुजफ्फरनगर में दिल्ली-देहरादून हाईवे पर कोहरे की वजह से दो हादसे हुए। इसमें 11 वाहन टकरा गए। छह लोग घायल हुए। इनमें दो चालक की हालत गंभीर है। इसके अलावा मेरठ-बुलंदशहर हाईवे पर गांव कैली के ओवरब्रिज के पास नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) अंबाला (हरियाणा) की गाड़ी में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

हादसे में दो सब इंस्पेक्टर समेत पांच लोग घायल हो गए। एनसीबी अंबाला की टीम एक आरोपित को बरेली के फरीदपुर से लेकर अंबाला जा रही थी। सहारनपुर में रामपुर मनिहारान में चुन्हेटी फाटक के पास डिवाइडर से टकराकर दिल्ली जा रही रोडवेज की बस सड़क पर पलट गई। बस में 40 सवारियां बैठी थीं। पांच शिक्षिकाएं मामूली रूप से घायल हो गईं।

# दिल्ली में बम की धमकी में फंसी आम आदमी पार्टी! सुबूत से हिले केजरीवाल

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान होने के बाद से ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) एक दूसरे पर हमलावर हैं। मंगलवार को भाजपा ने दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मामले में आप पर बड़ा आरोप लगाया है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि स्कूलों को मिली धमकियों के पीछे एक नाबालिग बच्चा था। उसके परिजन एक एनजीओ से जुड़े हैं। आरोप लगाते हुए बोले कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी का न सिर्फ तमाम ऐसे आवांछित एनजीओ से बहुत गहरा संबंध रहा है बल्कि तमाम ऐसी गतिविधियों से रहा है जो अफजल गुरु की फांसी और देशविरोधी तमाम गतिविधियों में लिप्त रहे। वहीं इसके बाद आप ने भी भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा है कि जो खुलासे पुलिस नहीं करती वे सुधांशु त्रिवेदी करते हैं।

भाजपा प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा है कि आपको याद होगा दिल्ली के तमाम स्कूलों में बम धमाके की कई कॉल्स और ई-मेल आये थे। जांच में पता चला ये ई-मेल अल्पव्यस्क व्यक्ति के द्वारा आ रहे थे। कोई नाबालिग बालक क्या अपने मन से ऐसा कर रहा है या क्या वो सिर्फ एक मोहरा है? उसके माता-पिता और पीछे के एनजीओ है उनकी इसमें कोई भूमिका है जिससे दिल्ली की कानून व्यवस्था को बिगाड़ कर दिल्ली में भय का वातावरण उत्पन्न कर के कोई राजनीतिक लाभ या राजनीतिक विचारधारा की पुष्टि की जा सके।



हम सभी जानते है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी का बहुत गहरा संबंध है, न सिर्फ तमाम ऐसे आवांछित एनजीओ से रहा है और तमाम ऐसी गतिविधियों से रहा है जो अफजल गुरु की फांसी और देशविरोधी तमाम गतिविधियों में लिप्त रहे हैं, फरवरी 2015 में जो टुकड़े-टुकड़े का नारा लगा था। वो अफजल गुरु की बरसी के ऊपर था और जिसकी फाइल को महीनों तक आम आदमी पार्टी ने बचा के रखा था। अब ये सवाल गहरा रहा है कि वो एनजीओ कौन है, उनका आम आदमी पार्टी से कोई संबंध है क्या?

**आप ने भाजपा पर किया पलटवार**

आप नेता संजय सिंह ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा है कि 'जो खुलासे पुलिस नहीं करती वे सुधांशु त्रिवेदी करते हैं। भाजपा छोटे-छोटे बच्चों को मिल रही बमों की धमकी का राजनैतिक लाभ उठा रही है। भाजपा को दिल्ली और भारत की सुरक्षा से कोई मतलब नहीं है। इनके पास नेता, नीति और नीयत नहीं केवल आरोप-प्रत्यारोप है। बिना आरोपों और सबूतों के कुछ भी कहना कैसी राजनीति है?'

### केजरीवाल का मानसिक संतुलन बिगड़ा-मनोज तिवारी

वहीं, भाजपा ने केजरीवाल के इन आरोपों को खारिज कर दिया है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा है कि केजरीवाल जिस तरह बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं, उससे यही लगता है कि उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने खुद को हास्य का पात्र बना दिया है। तिवारी ने कहा कि जिस तरह भाजपा पर पैसे, कम्बल, चादर से लेकर गोल्ड चेन बांटने की मनगढ़ंत कहानी अरविंद केजरीवाल ने सुनाई है, उससे साफ है कि वे झूठ के बादशाह हैं।

### केजरीवाल का आरोप खुलेआम बांटे जा रहे पैसे

अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि पूर्व भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा ने खुलेआम लोगों को पैसा और अन्य सहायता देकर वोट खरीदने की कोशिश की है। आम आदमी पार्टी ने इसके खिलाफ चुनाव आयोग से अपील भी की है और इस पर संज्ञान भी लिया जा चुका है। इस मामले के फोटो-वीडियो भी वायरल हो चुके हैं।

ऐसे में यदि यह मामला गरमाता है तो भाजपा नेता की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इस मुद्दे पर अरविंद केजरीवाल पूरी तरह अपने पुराने रूप में आते हुए दिखाई पड़े हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वे पैसे तो ले लें, लेकिन अपना वोट न बिकने दें। उन्होंने कहा कि जनता के वोट की कीमत हीरे से भी अधिक है। इसे किसी भी कीमत पर बिकना नहीं चाहिए। लेकिन जो पैसे देने आता है, उससे पैसे अवश्य ले लें। इस तरह की अपील वे अपने आंदोलन के दौर पर किया करते थे।

## आठ साल से भूख हड़ताल कर रहे बापू सूरत सिंह खालसा का निधन, जानें क्या थी उनकी मांग



**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** सिख कार्यकर्ता बापू सूरत सिंह खालसा का निधन हो गया। वह 8 साल से अधिक समय तक भूख हड़ताल करने के लिए मशहूर थे, उनकी भूख हड़ताल बंदी सिखों की रिहाई की मांग को लेकर थी। यह सिख वे थे जो अपनी सजा पूरी करने के बावजूद 30 साल से अधिक समय तक जेलों में बंद थे। बापू सूरत सिंह ने 16 जनवरी, 2015 को 82 वर्ष की आयु में लुधियाना के अपने गांव हसनपुर में भूख हड़ताल शुरू की थी।उनका यह विरोध प्रदर्शन भारतीय आधुनिक इतिहास में सबसे लंबे समय तक चलने वाले शांतिपूर्ण आंदोलनों में से एक बन गया।

### सरकार से बंदी सिखों की रिहाई की मांग

बापू सूरत सिंह ने अपनी भूख हड़ताल के माध्यम से सिख समुदाय के अधिकारों के लिए आवाज उठाई और सरकार से बंदी सिखों की रिहाई की मांग की। उनके संघर्ष ने देशभर में सिखों के अधिकारों को लेकर जागरूकता पैदा की और उन्हें एक प्रतीक के रूप में सम्मानित किया गया। उनके निधन से सिख समुदाय में शोक की लहर है, और उनका नाम हमेशा उनके संघर्ष और बलिदान के लिए याद रखा जाएगा।

## भाजपा नेता और गायक पर दुष्कर्म का आरोप, अश्लील वीडियो बनाने का मामला दर्ज

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के कसौली थाना में भाजपा नेता और गायक के खिलाफ दुष्कर्म और अश्लील वीडियो बनाने का मामला दर्ज हुआ है। एफआईआर के अनुसार, हरियाणा की एक महिला ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली और गायक रॉकी मित्तल (जय भगवान) पर आरोप लगाए हैं।

पीड़िता का कहना है कि 7 जुलाई 2023 को सरकारी नौकरी दिलाने के बहाने दोनों ने उसके साथ दुराचार किया।



महिला ने यह भी आरोप लगाया कि दोनों ने उसकी अश्लील वीडियो और फोटो बनाई और उसे जान से मारने की धमकी दी। महिला का कहना है कि दो महीने पहले उसे पंचकूला बुलाकर झूठे केस में फंसाने की भी कोशिश की गई। महिला ने 13 दिसंबर को कसौली थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। सोलन के एसपी गौरव सिंह ने एफआईआर की पुष्टि की है और बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।



आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



कनाडा खुफिया एजेंसी का खुलासा

# निज्जर हत्या में भारत की कोई साजिश नहीं, असली गुनहगार चीन



**जालंधर( हर्ष शर्मा ):** हरदीप सिंह निज्जर की हत्या ने कनाडा और भारत के रिश्तों में गहरा तनाव पैदा कर दिया। हत्या के तुरंत बाद भारत पर आरोप लगाए गए, लेकिन कनाडा की खुफिया एजेंसी इष्टङ्क ने शुरुआती जांच में भारत की संलिप्तता का कोई प्रमाण नहीं पाया।

इसके बावजूद खालिस्तानी गुटों ने इसे भारत विरोधी प्रोपगैंडा का हिस्सा बनाते हुए पूरी दुनिया में प्रचारित किया। 2023 में भारत ने त्20 शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी और वैश्विक नेतृत्व दिखाकर अपनी अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को मजबूत किया था।

वहीं, कनाडा के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) पर चल रही चर्चा खालिस्तानी गुटों को परेशान कर रही थी। इस घटना ने भारत की छवि को नुकसान पहुंचाया और दोनों देशों के रिश्तों को प्रभावित किया। हरदीप सिंह निज्जर , एक घोषित आतंकवादी और खालिस्तानी समर्थक नेता की हत्या ने कनाडा और भारत के संबंधों में तनाव ला दिया। हत्या के बाद भारत पर उंगली उठाने वाले आरोपों, खालिस्तानी गुटों की प्रोपगैंडा रणनीतियों, और अंतरराष्ट्रीय समीकरणों ने इस घटना को और पेचीदा बना दिया। लेकिन असली सवाल अब भी बरकरार है कि निज्जर की हत्या से किसे फायदा हुआ?

भारत पर आरोप कितने सटीक ? हत्या के तुरंत बाद भारत पर आरोप लगाए गए। यह आरोप एक पूर्वनिर्धारित राजनीतिक एजेंडे के तहत लगाए गए, जो मीडिया में आसानी से बेचा जा सकता था। कनाडा की खुफिया एजेंसी CSIS के एक अधिकारी ने खुलासा किया कि शुरुआती जांच में भारत की संलिप्तता का कोई संकेत नहीं था। अब तक की जांच में कोई ठोस सबूत सामने नहीं आया, फिर भी भारत को दोषी ठहराने की कोशिशें जारी रहीं।


खालिस्तानी गुटों का प्रोपगैंडा हत्या के बाद खालिस्तानी गुटों ने भारत के खिलाफ़ एक सोची-समझी रणनीति के तहत आरोप लगाए। हत्या के तुरंत बाद खालिस्तानी गुटों ने भारत के खिलाफ़ एक संगठित प्रोपगैंडा चलाया। उन्होंने इसे दुनिया भर में बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया और लोगों की सहानुभूति बटोरी। यह गुट अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए भारत को बदनाम करने में जुट गए। उनकी झूठी कहानियां और प्रचार ने वैश्विक मीडिया का ध्यान खींचा। यह उनकी भारत विरोधी एजेंडे को बढ़ावा देने का एक अवसर बन गया।

भारत-कनाडा संबंध और खालिस्तानी गुटों की चिंता 2023 में, कनाडा ने अपनी इंडो-पैसिफिक नीति में भारत को अहम साझेदार के रूप में शामिल किया। कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली की भारत यात्रा में स्नञ्ज (फ्री ट्रेड एग्रीमेंट) पर भी चर्चा हुई। ये बातें खालिस्तानी गुटों को परेशान करने लगीं, क्योंकि इससे उनकी प्रासंगिकता पर असर पड़ सकता था।

भारत-कनाडा संबंध और खालिस्तानी गुटों की चिंता 2023 में, कनाडा ने अपनी इंडो-पैसिफिक नीति में भारत को अहम साझेदार के रूप में शामिल किया। कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली की भारत यात्रा में FTA (फ्री ट्रेड एग्रीमेंट) पर भी चर्चा हुई। ये बातें खालिस्तानी गुटों को परेशान करने लगीं, क्योंकि इससे उनकी प्रासंगिकता पर असर पड़ सकता था। हत्या के बाद बदलते हालात निज्जर की हत्या के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि को धक्का लगा। कनाडा-भारत संबंधों में दरार आई और चीन को इससे फायदा हुआ। यह साजिश चीन और खालिस्तानी गुटों के लिए फायदेमंद साबित हुई, जबकि भारत और कनाडा के संबंधों पर इसका बुरा असर पड़ा।

खालिस्तानी गुटों और चीन की मिलीभगत खालिस्तानी गुटों की चीन से नज़दीकियां किसी से छिपी नहीं हैं। चीनी सरकार ने खालिस्तानी गुटों का समर्थन किया है, चाहे वह फेंटेनाइल ड्रग्स के व्यापार में हो या राजनीतिक लॉबिंग में। खालिस्तानी गुट चीन के प्रॉक्सी के रूप में काम करते हैं, खासतौर से कनाडा में। खालिस्तानी आंदोलन को अंतरराष्ट्रीय पहचान निज्जर की हत्या के बाद खालिस्तानी आंदोलन को वैश्विक सहानुभूति मिली। उनकी आवाज़ को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सुनने का मौका मिला और यह घटना उनकी विभाजनकारी सोच को बढ़ावा देने में मददगार साबित हुई। ट्रूडो, खालिस्तानी-चीन जाल कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अल्पकालिक राजनीतिक फायदे के लिए खालिस्तानी और चीनी गुटों के जाल में कदम रखा। इससे न सिर्फ कनाडा की छवि को नुकसान हुआ, बल्कि भारत-कनाडा व्यापारिक अवसर भी गंवाए गए। असली सवाल असली सवाल यह है कि निज्जर की हत्या से असल में किसे फायदा हुआ तो जवाब है चीन को, जिसने अपनी कमजोर छवि को बचाने का मौका पाया। खालिस्तानी गुटों को, जिन्होंने अपनी प्रासंगिकता और समर्थन बढ़ाया। भरत के खिलाफ ये साजिश साफ़ तौर पर सोच-समझकर रची गई, ताकि दोनों देशों के रिश्तों को कमजोर किया जा सके।

## देश तोड़ने का भयानक प्लान बना रही कांग्रेस! राहुल बोले- इंडियन स्टेट से लड़ रहा हूं मैं, मचा बवाल



**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** रायबरेली सांसद व लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने ऐसा बयान दिया है, जिससे बड़ा बवाल शुरू हो गया है। राहुल ने कांग्रेस मुख्यालय 'इंदिरा भवन' के उद्घाटन के दौरान अपने भाषण में कहा कि उनकी लड़ाई न सिर्फ भाजपा और आरएसएस के खिलाफ हैं बल्कि इंडियन स्टेट के खिलाफ भी है।

### भारतीय राज्यों से लड़ रहा

राहुल गांधी बीजेपी-आरएसएस और मोहन भागवत को घेर रहे थे। इसी दौरान कांग्रेस सांसद ने विवादित टिप्पणी कर दी। बता दें कि बुधवार को कांग्रेस ने अपने नए दफ्तर में प्रवेश किया। सोनिया गांधी ने इस उद्घाटन किया। राहुल ने कहा कि कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल सिर्फ भाजपा और आरएसएस से नहीं लड़ रहे हैं बल्कि भारतीय राज्यों से भी लड़ रहे हैं।

### राहुल के इरादे खतरनाक

राहुल गांधी के बयान पर बीजेपी भड़क गई है। बीजेपी नेता प्रदीप भंडारी ने इसे लेकर कहा कि राहुल गांधी ने अपनी मंशा साफ़ कर दी है।

वो खुद कह रहे हैं कि हम भारतीय राज्य से लड़ रहे हैं। राहुल उन ताकतों के रिमोट कण्ट्रोल में हैं, जो भारत को खत्म करना चाहते हैं। उनके इरादे राष्ट्रीय हित के खिलाफ हैं।

## कांग्रेस के नए मुख्यालय का दिल्ली में हुआ उद्घाटन, नाम को लेकर छिड़ा विवाद

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** कांग्रेस ने आज अपने नए मुख्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मुख्यालय का नाम 'इंदिरा गांधी भवन' रखा, जो कि बीजेपी मुख्यालय से मात्र 500 मीटर दूर कोटला रोड पर स्थित है. वहीं उद्घाटन समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी भी मौजूद रहें।

हालांकि उद्घाटन के साथ ही पार्टी ऑफिस के नाम को लेकर विवाद छिड़ गया. बता दें कुछ कार्यकर्ताओं ने कार्यालय के बाहर सरदार मनमोहन सिंह भवन के नाम से पोस्टर चिपका दिए.

**नामकरण पर विवाद :** इस पर कांग्रेस नेता अनिल शास्त्री ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 2009 में ही इस भवन का नाम 'इंदिरा भवन' तय हो गया था। उन्होंने इसे बीजेपी का दुष्प्रचार बताया।

बता दें नए मुख्यालय के निर्माण और सजावट में प्रियंका गांधी की अहम भूमिका रही। कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला ने बताया कि दफ्तर की हर चीज को अंतिम रूप प्रियंका गांधी ने ही दिया। साथ ही भवन में कांग्रेस के इतिहास को प्रदर्शित करने के लिए तस्वीरों को जगह दी गई है। दिलचस्प बात यह है कि इनमें कांग्रेस छोड़ चुके नेताओं जैसे नरसिम्हा राव, सीताराम केसरी, प्रणब मुखर्जी और गुलाम नबी आजाद की तस्वीरें भी शामिल हैं।

### 15 साल बाद सपना हुआ पूरा

कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने कहा कि पार्टी का पुराना मुख्यालय 24 अकबर रोड ऐतिहासिक था और हमेशा रहेगा। इस कार्यालय ने देश को चार प्रधानमंत्री दिए और कांग्रेस को सत्ता और विपक्ष में ऐतिहासिक भूमिका निभाने का अवसर प्रदान किया। नए मुख्यालय की आधारशिला 2009 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी ने रखी थी। 15 साल के लंबे इंतजार के बाद यह भवन बनकर तैयार हुआ है। वहीं कांग्रेस के इस नए मुख्यालय को पार्टी के लिए नई शुरुआत और एकजुटता के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है।



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES

Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.

COURSES OFFERED ANM 2 Years Diploma GNM 3 Years Diploma B.Sc (Nursing) 4 Years Degree D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma 10+1 & 10+2 (P.S.E.B)

V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525

www.stnursinginstitute.in


# मोदी सरकार ने इस गलती के लिए CRPF को दी सजा!

## पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप को किया भंग, 'VSG' को दी कमान

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** बीते एक दशक से अधिक समय तक संसद भवन की सुरक्षा में तैनात रहे CRPF के जांबाज 'पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप' (PDG) को साल 2024 को संसद की सुरक्षा से हटाई गई इस विशेष इकाई को आखिरकार भंग कर दिया गया है और इस बल की VIP सुरक्षा शाखा में विलय कर दिया गया है, जिसे हाल में 1,000 से अधिक कर्मियों वाली एक नई बटालियन प्रदान की गई है।

इस बाबत गृह मंत्रालय (MHA) ने बीते मंगलवार को एक आदेश जारी कर CRPF के तहत लगभग 1,400 कर्मियों वाले संसद ड्यूटी ग्रुप (पीडीजी) का नाम बदलकर वीआईपी सुरक्षा समूह (VSG) कर दिया। गृह मंत्रालय ने इस महीने की शुरुआत में झारखंड के चतरा जिले में तैनात बल की बटालियन संख्या 190 को बल की वीआईपी सुरक्षा इकाई में स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। एक हजार से अधिक कर्मियों वाली इस बटालियन को झारखंड में नक्सल विरोधी अभियान चलाने के लिए तैनात किया गया था।





जानकारी हो कि, केंद्रीय रिजर्व पुलिस समूह (CRPF) की VIP सुरक्षा शाखा वर्तमान में 200 से अधिक लोगों को सुरक्षा प्रदान कर रही है, जिनमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस के गांधी परिवार के सदस्य सोनिया गांधी, राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी वाद्रा शामिल हैं।

बीते साल मई में PDG को संसद भवन की सुरक्षा से वापस बुला लिया गया था और CISF को यह काम सौंपा गया था। संसद से हटाए जाने के बाद से इसे अनौपचारिक रूप से VIP सुरक्षा विंग से जोड़ा गया था, लेकिन फिर बीते मंगलवार को प्राप्त औपचारिक आदेश के बाद इसके कर्मियों का उपयोग उच्च जोखिम वाले गणमान्य व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए किया जाएगा।

**क्या CRPF को मिली सजा :** देखा जाए तो CRPF के जांबाज 'पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप' (PDG) के बल ने संसद में पूरी निष्ठा और बिना किसी त्रुटि के अपना कर्तव्य निभाया, लेकिन फिर भी शायद इसे 2023 में हुई बड़ी सुरक्षा चूक का खामियाजा भुगतना पड़ा। बता दें कि, बीते 13 दिसंबर, 2023 को संसद पर 2001 में हुए आतंकवादी हमले की बरसी वाले दिन दो व्यक्ति शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूद गए और उन्होंने वहां पीला धुआं छोड़ा तथा नारे लगाए। हालांकि इसके कुछ ही समय बाद सांसदों ने उन्हें काबू में कर लिया था।

# जालंधर में चप्पलों के गोदाम में लगी आग, इलाके में मचा हड़कंप

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** जालंधर के गढ़ा में दयानंद चौक के पास स्थित चप्पलों के गोदाम में देर रात आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। आग से दुकान में पड़ा काफी सामान जल कर राख हो गया। आग लगने की सूचना पड़ोसियों ने गोदाम मालिक व दमकल विभाग को दी।

जिसके बाद दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक गोदाम में पड़ा चप्पलों का स्टॉक काफी हद तक जल चुका था।

### पड़ोसियों ने फोन कर बताया

जानकारी देते हुए गोदाम के मालिक विक्की ने बताया कि वह दयानंद चौक के पास विक्की चप्पल स्टोर के नाम से दुकान चलाते है। रोजाना की तरह मंगलवार की रात को दुकान बंद कर वह घर चले गए थे। लेकिन देर रात 11:30 के करीब पड़ोसियों ने फोन कर बताया कि गोदाम में से धुआं निकल रहा है।

### आग के कारणों का पता नहीं

जब वह मौके पर पहुंचे और दुकान का शटर खोला तो आग की लपटें निकल रही थी। मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग पर काबू नहीं पा सके। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया।



# जालंधर में चोरी के मामले में AAP और कांग्रेस नेता के खिलाफ FIR दर्ज

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** जालंधर पुलिस ने आम आदमी पार्टी के मौजूदा सरपंच की दुकान से चोरी करने के मामले में कांग्रेस के ब्लॉक नकोदर के प्रधान और आफ के ब्लॉक अध्यक्ष सहित 9 लोगों के खिलाफ स्न्ढ्ढक्रदर्ज की है। ये मामला थाना सदर नकोदर की पुलिस की तरफ़ से दर्ज किया गया है।

**9 आरोपियों ने मिलकर घटना को दिया अंजाम :** बता दें कि आरोप है कि 9 आरोपियों ने मिलकर दुकान के अंदर से नकदी और सीसीटीवी का डीवीआर सहित अन्य सामान चोरी किया था। सदर थाने की पुलिस को दिए गए बयानों में रहीमपुर गांव, नकोदर के रहने वाले कुलदीप सिंह ने कहा वह मौजूद सरपंच के तौर पर सेवाएं निभा रहे हैं। साथ ही उनकी गांव उग्गी के पास पिछले 20 साल से वैल्डिंग का काम हैं। जहां पर बीती 12 जनवरी को चोरी हुई है।

**चोरी करने के लिए क्रेन लेकर आए थे आरोपी :** लेकिन घटना के वक्त वह किसी काम से बाहर गया था हुआ था। कुलदीप ने कहा उनकी दुकान पर काम करने वाले तरलोचन सिंह उर्फ तोची निवासी रसूलपुर कलां, जवाहर सिंह, गुरदीप सिंह उर्फ दीपा, कृष्ण लाल बठला, परमिंदर, गुरप्रीत, राकेश कुमार उर्फ केशा, प्रदीप सिंह, सुरिंदर बठला निवासी गांव उग्गी और अन्य अज्ञात ने उनकी दुकान पर चोरी की। आरोपी चोरी करने के लिए क्रेन लेकर आए थे।




**पुलिस ने मामले में जांच शुरू की और केस दर्ज किया :** जिन्होंने दुकान से नकदी, डीवीआर सहित अन्य सामान चुरा लिया। चोरी के बाद उन्हें फोन कर बताया गया कि उनकी दुकान पर चोरी हुई है।

जिसके बाद वह तुरंत मौके पर पहुंच गए थे। जिसके बाद मामले की जानकारी थाना नकोदर सदर की पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की और केस दर्ज कर लिया।

केस में नामजद किए गए तरलोचन सिंह उर्फ तोची नकोदर ब्लॉक कांग्रेस देहाती के अध्यक्ष हैं। साथ ही सुरिंदर आम आदमी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष हैं।

# स्मृति मंधाना ने तोड़ा रिकॉर्ड, सबसे तेज वनडे शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं

**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने बुधवार को आयरलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में तूफानी शतक जड़कर इतिहास रच दिया। मंधाना ने सिर्फ 70 गेंदों में सेंचुरी बनाकर सबसे तेज़ शतक लगाने वाली भारतीय महिला खिलाड़ी का रिकॉर्ड अपने नाम किया।

**शतकों की सूची में शामिल हुईं मंधाना**

इस शतकीय पारी के साथ मंधाना ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। वह महिला वनडे क्रिकेट में 10 या उससे अधिक शतक लगाने वाली दुनिया की चौथी खिलाड़ी बन गई हैं। इस सूची में अब उनके साथ टैमी ब्यूमोंट का भी नाम है, जिनके भी 10 शतक हैं। सबसे ज़्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड मेग लैनिंग (15 शतक) के नाम है, जबकि सूजी बेट्स 13 शतकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।




**तूफानी पारी से रचा इतिहास** – राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेले गए इस मैच में मंधाना ने 80 गेंदों में 135 रनों की धुआंधार पारी खेली, जिसमें 12 चौके और 7 छक्के शामिल थे। उन्होंने प्रतीका रावल के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 233 रनों की रिकॉर्डतोड़ साझेदारी भी की, जो भारतीय महिला टीम के लिए किसी भी विकेट के लिए तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।

**2024 में मंधाना का दबदबा** – मंधाना का बल्ला 2024 में जमकर बोला है। उन्होंने 16 पारियों में 62.25 की औसत से 996 रन बनाए हैं, जिसमें 5 शतक और 4 अर्धशतक शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने 123 चौके और 16 छक्के भी लगाए हैं। इस साल किसी अन्य बल्लेबाज ने 700 रन भी नहीं बनाए हैं, जो मंधाना के प्रदर्शन की उत्कृष्टता को दर्शाता है।




# कपूरथला में 2 दिन से लापता Photographer का शव बरामद, फंक्शन कवर करने के बाद लौट रहा था घर

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब के कपूरथला में 2 दिन से लापता फोटोग्राफर का आज संदिग्ध परिस्थितियों में शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान तीक्षित के रूप में हुई है । तीक्षित न्यू माल टाउन सुल्तानपुर लोधी का रहने वाला था। मृतक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं।

**लोहड़ी का कार्यक्रम कवर करने गया था मृतक :** जानकारी देते हुए तीक्षित के भाई अमृत ने बताया कि उसका भाई 13 जनवरी को लोहड़ी से संबंधित एक कार्यक्रम को कवर करने गया था। उसके बाद उसका भाई वापस घर आया और रात करीब 10 बजे मोटरसाइकिल पर घर से फिर निकल गया। लेकिन उस रात तीक्षित घर नहीं लौटा। उसके बाद से उसका मोबाइल भी फोन जा रहा था।

जिसके बाद उन्होंने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और अन्य जगहों पर उसकी तलाश की लेकिन वह नहीं मिला। इस संबंध में थाना सुल्तानपुर लोधी सहित अन्य पुलिस स्टेशनों में भी पुलिस को सूचित कर दिया था। लेकिन आज शेखूपुर के पार्षद व सीनियर डिप्टी मेयर राहुल कुमार ने बताया कि उन्होंने एक घायल युवक को एंबुलेंस से सिविल अस्पताल भेजा था, जिसकी मौत हो गई।



### लूटपाट के दौरान हत्या की आशंका

अमृत ने आशंका जताई है कि उसके भाई का एक्सीडेंट नहीं बल्कि लूटपाट के दौरान हत्या की गई है। क्योंकि उसकी मोटरसाइकिल भी सड़क किनारे पड़ी हुई थी और उसका मोबाइल फोन और पैसे भी गायब थे। कपूरथला के एसएचओ बिक्रमजीत सिंह चौहान ने कहा कि आज सुबह घटना संबंधी सूचना मिली है और वह गंभीरता से पूरे मामले की जांच कर रहे है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएंगी।

## पति की सुपारी देकर शातिर महिला ने उतारे अपने सारे कपड़े

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** पंजाब के पटियाला से एक ऐसा मामला सामने आया जिसने सभी के होश उड़ा दिए। जहां, गांव तेजा की रहने वाली एक महिला ने अपने पति के खिलाफ सुपारी दी और जिस प्रेमी को सुपारी दी उसके साथ संबंध बनाए और वीडियो रिकार्ड किए। गांव तेजा में फायरिंग करने के मामले में कोतवाली पटियाला पुलिस ने आरोपित मनप्रीत कौर उर्फ गग्गी निवासी गांव तेजा, उसके प्रेमी हरसिमरन सिंह उर्फ गोरा उम्र तकरीबन 25 साल, गोरा के दोस्त करन सिंह उर्फ निखिल उम्र तकरीबन 22 साल को गिरफ्तार किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि किमनप्रीत कौर ने अपने प्रेमी गोरा के साथ मिलकर अपने पति बलजिंदर सिंह को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया था। महिला ने इसके लिए पांच लाख रुपये की सुपारी अपने प्रेमी को दी थी। महिला इतनी शातिर थी कि जब वह प्रेमी के साथ संबंध बनाती तो उस समय आपत्तिजनक हालत की वीडियो रिकार्ड कर लेती, ताकि प्रेमी के शादी से मुकरने पर उसके खिलाफ केस कर सके। इस महिला की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने मोबाइल फोन, दो देसी पिस्तौल .32 और .15 बोर के अलावा 10 जिंदा कारतूस कब्जे में लिए है। मोबाइल फोन की चेकिग व आरोपितों के बीच आपसी बातचीत का रिकॉर्ड चेक करते समय इस महिला और उसके प्रेमी की 10 से अधिक आपत्तिजनक वीडियो मिले है।



## किसान नेता डल्लेवाल की मांगी गई हेल्थ रिपोर्ट, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- कुछ लोग डल्लेवाल पर डाल रहे प्रेशर

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** एमएसपी समेत कई मांगों को लेकर खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन 51वें दिन भी जारी है। जिसकों लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। कोर्ट ने पंजाब सरकार से किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की स्वास्थ्य रिपोर्ट देने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर डल्लेवाल की स्वास्थ्य रिपोर्ट पर एम्स के मेडिकल बोर्ड से राय ली जाएगी।

**सुप्रीम कोर्ट ने दिए ये निर्देश :** जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने हैरानी जताते हुए कहा कि करीब 50 दिनों से अनशन कर रहे व्यक्ति के स्वास्थ्य मानकों में सुधार कैसे हो सकता है? पीठ ने पंजाब सरकार के मुख्य सचिव को जगजीत सिंह डल्लेवाल की स्वास्थ्य जांच रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार के पास जमा करने का निर्देश दिया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्रार को एम्स के मेडिकल बोर्ड से डल्लेवाल की स्वास्थ्य रिपोर्ट पर राय लेने का निर्देश भी दिया है।



**मांगी गई तुलनात्मक रिपोर्ट** - जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एनके सिंह की बैंच के सामने पंजाब सरकार की तरफ से पेश सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने कहा कि डल्लेवाल को डॉक्टरी मदद के मामले में प्रोग्रेस हो रही है। हमारी टीम उनसे सिर्फ 10 मीटर की दूरी पर है। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने पूछा कि आप कह रहे हैं कि उनकी सेहत में सुधार हो रहा है। डॉक्टर वहां पर हैं। इस पर कपिल सिब्बल ने जवाब दिया कि डल्लेवाल ने हमें ब्लड टेस्ट करने की इजाजत दे दी है। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि कुछ लोग उन (डल्लेवाल) पर प्रेशर डाल रहे हैं कि वह इस बात का विरोध नहीं करेंगे कि उनकी सेहत में सुधार हो रहा है। इस पर सिब्बल ने स्पष्ट किया कि उनकी सेहत में सुधार नहीं हो रहा बल्कि पंजाब के चीफ सेक्रेटरी के एफिडेविट के मुताबिक उनकी स्थिति स्थिर है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से डल्लेवाल की सेहत से जुड़ी पहले और अब की तुलनात्मक रिपोर्ट मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 22 जनवरी को होगी। वहीं, मंगलवार को किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने जानकारी देते हुए बताया किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत लगातार खराब हो रही है। पिछले 48 घंटे से डल्लेवाल पानी का सेवन भी नहीं कर पा रहे हैं। जितना वह पानी पीते हैं, उतरनी ही उल्टियां हो रही हैं। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों का कहना है कि डल्लेवाल के शरीर के अंग पानी को भी पचाने में असमर्थ हो गए हैं। इतना ही नहीं, शरीर के अधिकतर अंग काम करना बंद करने की स्थिति में पहुंच चुके हैं।

# महाकुंभ में छाया Engineer Baba, कनाडा में नौकरी, करोड़ों का पैकेज छोड़ने के खोले राज

जालंधर (अंशु कपूर) : उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दुनिया के सबसे बड़े महापर्व, महाकुंभ का आगाज हो चुका है। इस महाकुंभ में आईआईटीयन बाबा अभय सिंह, जिन्हें 卐इंजीनियर बाबा卐 के नाम से जाना जा रहा है। वह काफी चर्चा में बने हुए है।

इंजीनियर बाबा अभय सिंह का दावा है कि उन्होंने आईआईटी बॉम्बे से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की है। पढ़ाई के बाद उन्हें एक बड़ी कंपनी में लाखों के पैकेज पर नौकरी भी मिली, लेकिन उन्होंने सांसारिक मोह-माया को त्यागकर आध्यात्म का मार्ग चुना। अभय सिंह ने कहा कि मैं कनाडा में नौकरी कर रहा था। उस वक्त तीन लाख प्रति महीने की उनकी सैलरी थी। उसके बाद सैलरी में इजाफा भी हुआ और काफी अच्छी सैलरी पर वह वहां से छोड़कर भारत आ गए। अभय सिंह



ने कहा कि जब आईआईटी मुंबई से निकलकर फैशन डिजाइनर का कोर्स करने के बाद मेरे पास नौकरी के साथ-साथ घर बसाने का भी विकल्प था। बावजूद इसके कुछ ऐसी बात थी कि ऐसा लगता था कि कमी है। बस फिर क्या जो इच्छा हुई भी वह समय के साथ जाती रही। बाबा अभय सिंह ने कहा कि मैंने दसवीं तक की पढ़ाई हरियाणा में की। उसके बाद मैंने आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान से पढ़ाई की तो ऐसा लग रहा था ऐरोनॉटिक्स इंजिनियर ही सबकुछ है। लेकिन उसके बाद भी लगा कि जिस सांइस को मैने पढ़ा है, वो तो कुछ है ही नहीं। उन्होंने कहा कि अभी जो आध्यात्म पढ़ रहे हैं वही असली साइंस है। अभय सिंह ने कहा कि उनके पीछे पूरा परिवार है। उनके पिता पेशे से वकील हैं। उनकी एक बहन है जो कनाडा में रहती है। उन्होंने कहा कि बहुत मुश्किल था इस सामाजिक दायरे को तोड़ना। हालांकि उन्होंने कहा कि अब वह घर नहीं जाते हैं।